विभिन्न गांवों में आयोजित गौरा-गौरी पूजा में कांग्रेस नेता आशीष हुए शामिल



तखतपुर 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, धार्मिक आस्था और पारंपरिक विरासत के प्रतीक गौरा-गौरी पर्व के अवसर पर तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सकर्रा, नवागांव, नवाडीह, अघरिया, कंचनपुर, मुड़ापार एवं बिनौरी में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इन गांवों में आयोजित गौरा-गौरी पूजा के पावन कार्यक्रमों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना में सहभागिता की तथा भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और सर्वांगीण विकास की मंगलकामना की।

गौरा-गौरी पूजा के अवसर पर आशीष सिंह ठाकुर ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि गौरा-गौरी पर्व छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और जनआस्था से गहराई से जुड़ा हुआ पर्व है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सदियों पुरानी परंपराओं, सामाजिक समरसता, पारिवारिक संबंधों और सामुदायिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से भगवान शिव और माता पार्वती के आदर्श दांपत्य जीवन, प्रेम, समर्पण और पारिवारिक मंगल का संदेश समाज तक पहुंचता है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान यहां की लोकपरंपराओं, रीति-रिवाजों, तीज-त्योहारों और आपसी भाईचारे से है। गांवों में आयोजित होने वाले ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं। इन आयोजनों में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखने को मिलती है, जिससे सामाजिक सौहार्द और पारस्परिक सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी लोकसंस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करें तथा आने वाली पीढ़ियों को भी इससे जोड़ें। आशीष सिंह ठाकुर ने ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात कर पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान भोलेनाथ और माता गौरी से प्रार्थना की कि क्षेत्र के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, किसानों के जीवन में खुशहाली आए तथा तखतपुर विधानसभा क्षेत्र निरंतर उन्नति और विकास के पथ पर आगे बढ़े। गौरा-गौरी पूजा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा। पारंपरिक वेशभूषा, लोकरीति और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच ग्रामीणों ने पूरे उत्साह से पर्व मनाया। ग्रामवासियों ने धार्मिक आयोजनों में सहभागिता के लिए आशीष सिंह ठाकुर का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

किसान साफ और सूखा धान लेकर पहुंचें केंद्र, नमी की अधिकतम सीमा 17 प्रतिशत

जिले के 154 उपार्जन केंद्रों में 15 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

बिलासपुर 11 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के 154 उपार्जन केंद्रों में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन के लिए गुणवत्ता और तौल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जारी की है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप साफ और सूखा धान उपार्जन केंद्रों में लेकर आएं।

खाद्य विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार धान में नमी की अधिकतम मात्रा 17 प्रतिशत होनी चाहिए। विजातीय पदार्थों में अकार्बनिक और कार्बनिक पदार्थों की अधिकतम सीमा अलग-अलग एक प्रतिशत निर्धारित है। अपरिपक्व, सिकुड़े और छोटे दानों की अधिकतम सीमा तीन प्रतिशत तथा निम्न श्रेणी के धान के मिश्रण की सीमा छह प्रतिशत रखी गई है। क्षतिग्रस्त, अंकुरित और चुने हुए दाने चार प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए। किसानों से धान की खरीदी 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। खरीदी केंद्रों में तौल के दौरान प्रति बोरा धान की मात्रा 40 किलोग्राम रहेगी। नए जूट बारदाने का वजन 545 ग्राम से 626 ग्राम तक निर्धारित है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे धान की सफाई और सुखाई पर विशेष ध्यान दें तथा तौल के समय धान की मात्रा और बारदाने के वजन को लेकर सजग रहें, जिससे धान विक्रय की प्रक्रिया सुगमता से पूरी हो सके।

पेंडारी के पास पलटी तेज रफ्तार कार, युवक की मौत

बिलासपुर, 11 नवंबर (देशबन्धु)। सकरी थाना क्षेत्र के पेंडारी गांव के पास सोमवार सुबह करीब 7.30 बजे बिलासपुर-तखतपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार कस्तूरबा नगर, सिविल लाइन निवासी प्रेम सिंह ठाकुर (32) की मौत हो गई, जबकि उनके साथी और कार चालक राजेश सोनवानी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों तखतपुर जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में ही हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौत



मुंगेली 11 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम घोबघट्टी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 61 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कुम्हरौली निवासी कुमार बरेठ (61 वर्ष), पिता मुखीराम, किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम घोबघट्टी में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बुजुर्ग को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो बुजुर्ग बेहोशी की हालत में पड़े थे। ग्रामीणों की सूचना पर 112 पुलिस टीम एवं 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी पवन देवांगन ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है तथा अज्ञात वाहन और चालक की तलाश सहित घटना की जांच की जा रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बिल्हा ने हासिल किया...

नगरीय निकायों के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। बिल्हा जैसे छोटे नगर का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना, बिलासपुर का स्वच्छ नदी तटवर्तीय श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल करना और रायपुर का राज्य में अग्रणी स्थान पर रहना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता की रैंकिंग में आगे बढ़ना नहीं, बल्कि ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें स्वच्छता हर नागरिक की आदत और हर शहर की पहचान बने। जनभागीदारी, आधुनिक नगरीय सुविधाओं और प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से हम स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाना प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वच्छता कर्मियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

नगर पंचायत बिल्हा का 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना विशेष उपलब्धि है। यह सम्मान दर्शाता है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे नगरीय निकाय भी बेहतर प्रबंधन, स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और जनसहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन राज्य में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नगरीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करता है। स्वच्छ सर्वेक्षण के माध्यम से शहरों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, नागरिक सहभागिता तथा नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित किया जाता है। समारोह में छत्तीसगढ़ से नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर पालिक निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी तथा नगर पंचायत बिल्हा की अध्यक्ष श्रीमती वंदना जेंड्रे, राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्रष्ठ) के मिशन डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम रायपुर संबित मिश्रा, बिलासपुर आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ...

कैथोलिक चर्च के बिशप से सौजन्य भेंट और हनुमान टेकरी मंदिर में दर्शन का कार्यक्रम भी है। पत्थलगांव में वे जिला कांग्रेस कमेटी के दिवंगत उपाध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल को श्रद्धांजलि देंगे और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद मैनपाट में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 17 नवंबर को मैनपाट के बौद्ध मठ में दर्शन के बाद उदयपुर पहुंचेंगे। यहां बूथ स्तरीय जन चौपाल में शामिल होंगे। इसके बाद ग्राम साल्ही में पीईकेबी, परसा, केते एक्सटेंशन और तारा कोल ब्लॉक से प्रभावित ग्रामीणों तथा संबंधित हितधारकों के साथ बैठक करेंगे। शाम को प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांटारोली (मेंड्रा) में जन चौपाल के बाद अंबिकापुर पहुंचेंगे।

स्मृति ईरानी ने जनजातीय गौरव...

मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम और ओपी चौधरी के साथ रायगढ़, जशपुर और सरगुजा सहित आसपास के जिलों के भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। धरमजयगढ़ के इस भव्य कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मुख्य अतिथि होंगे। स्मृति ईरानी का यह दौरा उनके इसी कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीतियों पर केंद्रित है।

बीजेपी प्रदेश प्रभारी का पद संभालने के बाद स्मृति ईरानी का छत्तीसगढ़ में यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 25 और 26 अक्टूबर को दो दिवसीय रायपुर प्रवास पर आई थीं, जहां उन्होंने संगठन और सरकार के कामकाज की समीक्षा की थी। मात्र दो हफ्तों के भीतर उनके इस दूसरे दौरे से प्रदेश की राजनीतिक हलचल काफी तेज हो गई है। निरीक्षण और समीक्षा बैठकें पूरी करने के बाद स्मृति ईरानी आज देर रात वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना प्रमुख...

लड़ेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल बीते तीन महीनों से न्यायालय से मिली अग्रिम जमानत पर बाहर थे। जमानत अवधि समाप्त होने और मामले की अगली कानूनी प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अदालत के समक्ष सरेंडर करने का फैसला किया। सरेंडर के बाद पुलिस और न्यायलयीन अमले ने उन्हें हिरासत में लेकर आगे की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की। कोर्ट परिसर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि भीड़ और नारेबाजी के बीच कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रहे।

राहगीरों को चाकू दिखाकर डरा रहे 2 बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

बिलासपुर, 11 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिविल लाइन पुलिस की कार्रवाई जारी है। सार्वजनिक स्थानों पर धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू भी बरामद किए गए हैं। दोनों को आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, दीपावली पर्व को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने थाना क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग और गश्त कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में 10 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली कि कुदुदंड माता चौरा और मगरपारा चौक के पास दो युवक हाथों में चाकू लेकर राहगीरों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस ने अलग-अलग टीमें रवाना कीं। पुलिस टीम ने कुदुदंड में नीरज यादव (20), निवासी यादव भवन के पास, को स्टील के चाकू के साथ पकड़ा। वहीं मगरपारा चौक में सूरज पटेल (26), निवासी मरार गली मगरपारा, को धारदार लोहे के चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चाकू जब्त कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। त्योहारों के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर घूमने और लोगों में भय पैदा करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

भाई दूज का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया

तखतपुर 11 नवम्बर (देशबन्धु)। भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों के घर भाई पहुँचे और उन्हें उपहार देकर बहनों के घर भोजन किये। पांच दिवसीय दीपोत्सव के अंतिम दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। सुबह से ही भाई अपने बहनों के घर पहुचें ।बहनों ने घर में भाई की तिलक लगाकर आरती उतारी और भोजन कराए। भोजन के बाद भाइयों ने अपने बहनों को उपहार दिए। कहा जाता है कि इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को घर पर आमंत्रित किया था और स्वागत सत्कार के साथ टीका लगाया था, तभी से यह त्यौहार मनाया जाता है। इस पर्व को यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भाई को टीका लगाने का सबसे अधिक महत्व होता है। बहनों को भाइयों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार दिए। बाजार में भी आज भारी भीड़ रही अपने पसंद के अनुरुप उपहार खरीद कर भेंट दिए। देर रात तक भाई अपने बहनों के घर पहुचें और उनके हाथों भोजन किए।

क्षेत्र में समृद्धि एवं खुशहाली बनी रहे-माधवी

तखतपुर 11 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत घुटकू के महामाया पारा में माँ लक्ष्मी महिला समिति द्वारा आयोजित माँ लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर माधवी वस्त्रकार ने कहा कि माँ लक्ष्मी से कामना है कि सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनी रहे। मातृशक्ति की यह एकजुटता और सामाजिक सहभागिता सदैव समाज को नई ऊर्जा प्रदान करती रहे। क्षेत्र के लोगों ने इस पूजन में सहभागिता निभाई। महिलाओं की एकजुटता, श्रद्धा एवं समर्पण ने पूरे आयोजन को भक्तिमय और सौहार्दपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर जनपद सभापति डॉ.रवि सोनी जी, तिलक वर्मा, कृष्ण यादव, राजेश्वरी पटवा, गौरी साहू, राजू साहू, शेखर साहू, किशोर पटेल, महेंद्र यादव, मन्नू धीवर, अंकित गौराहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

अनिश्चितकालिन स्टेरिंग छोड़ अभियान

तखतपुर 11 नवम्बर (देशबन्धु)। आल इंडिया ड्राईवर ज्वांइट कमेटी के आहवान पर छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने 12 नवम्बर से अनिश्चितकालिन स्टेरिंग छोड़ अभियान में शामिल होने का ऐलान कर दिया है जिसके कारण बसों का परिचालन प्रभावित हो सकता है इसमें 15 सूत्रीय मांगों को लेकर यह हड़ताल आहवान किया गया है।

राधा-कृष्ण मारवाड़ी मंदिर कोटा में अन्नकूट पर भव्य भंडारा



करगीरोड-कोटा 11 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट पर्व पर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। नगर में स्थित राधा-कृष्ण मारवाड़ी मंदिर में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी अन्नकूट पर्व पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर पहुंचे नन्हे-मुन्ने बच्चों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर के पुजारी पंडित नेमचंद शर्मा महाराज एवं उनके सुपुत्र राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अन्नकूट पर्व भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और प्रकृति के प्रति आस्था का पर्व है।

घूमंतु सौंरा परिवारों के साथ संदीप शुक्ला ने मनाई दीपावली, बच्चों को बांटे पटाखे और मिठाई



करगीरोड-कोटा 11 नवंबर (देशबंधु)। दीपावली का पर्व खुशियां बांटने और समाज के हर वर्ग के साथ मिलकर उत्सव मनाने का संदेश देता है। इसी भावना के साथ कोटा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करगीकला में घूम-घूमकर जीवनयापन करने वाले सौंरा परिवारों के बीच पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला अपने साथियों के साथ पहुंचकर दीपावली का त्योहार मनाया। इस दौरान बच्चों को पटाखे एवं मिठाई वितरित कर उनके साथ खुशियां साझा की गईं।

पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि कोटा विधानसभा क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजाति के बैगा, धनुहार, मांझी, सौंता समाज सहित सौंरा समाज के लोग भी निवास करते हैं, जो आज भी सामाजिक एवं आर्थिक रूप से काफी पिछड़े हुए हैं। ऐसे परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर समान अवसर उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों की सबसे बड़ी उपलब्धि होनी चाहिए। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनना ही जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर विगत कई वर्षों से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के बीच पटाखे एवं मिठाई वितरण कर त्योहार मनाया जाता रहा है। ग्रामीण अंचलों के बच्चे इस पहल का इंतजार करते हैं। उनके बीच पहुंचकर दीपावली मनाने से त्योहार की खुशियां कई गुना बढ़ जाती हैं।इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य रिंकू दीक्षित, नगर कांग्रेस कमेटी कोटा अध्यक्ष कमलू कश्यप, अफजल खान, जय गुप्ता, नवीन बघेल, नरेंद्र यादव, धनरास बूथ अध्यक्ष देव यादव, अनिकेत जायसवाल एवं विकास बघेल सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

HDB FINANCIAL SERVICES

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : राधिका, द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद-380009,
शाखा कार्यालय : एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, द्वितीय तल, फोरम बिजनेस सेंटर, भाटागांव, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिनकोड-492001

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना (नियम 8(6) का परंतुक देखें)

ईएमडी तथा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 16-12-2026 अप. 05.00 बजे तक

एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में बंधक रखी गई अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन। जबकि एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई सूचना के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का सांकेतिक कब्जा, "जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जो भी है" आधार पर बिक्री के अधिकार सहित, प्राप्त कर लिया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

अचल/चल सम्पत्तियों का वर्णन

लॉट सं.	शाखा का नाम, ऋण खाता संख्या एवं ग्राहक का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण, हो नीलामी बिक्री के तहत है और कब्जा की स्थिति	मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण)	प्राधिकृत अधिकारी का विवरण	ईएमडी जमा हेतु खाता विवरण	सुरक्षित मूल्य ईएमडी बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय ईएमडी जमा की अंतिम तिथि
1.	एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, द्वितीय तल, क्रोमा शोरूम के ऊपर, फोरम बिजनेस सेंटर, भाटागांव, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 ऋण खाता संख्या : 6487343 और 16838930. 1. उस्मान भाई बर्तन दुकान, उस्मान भाई बर्तन दुकान मंडी चौक के पास तखतपुर तखतपुर पिन 495330 जिला बिलासपुर बिलासपुर-495001 छत्तीसगढ़ अन्य पता : पार्ट सर्वे नं. 160/1, सर्वे नं. 160/3 मौजा-तखतपुर पटवारी सर्किल 28, बिलासपुर-495001 2. शाहिद अबरानी, उस्मान भाई बर्तन दुकान, ब्लॉक रोड तखतपुर, वार्ड नं-01, तखतपुर पिन -495330, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495330 3. शाइस्ता अबानी, 152 ब्लॉक रोड तखतपुर मंडी चौक के पास तखतपुर 495330 जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़-195330	सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : संपत्ति सर्वे नंबर 160/1 का भाग, म्यूटेशन के बाद सर्वे नंबर 160/3, क्षेत्रफल परिमाप- 4796 वर्ग फीट, जहां एक मकान निर्मित है, मौजा-तखतपुर, पटवारी सर्किल नंबर 28, नगर पंचायत तखतपुर, आरआई सर्किल, ब्लॉक और तहसील- तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की सीमा के भीतर स्थित है। सीमा: पूर्व: ज्ञान सिंह की भूमि, पश्चिम: इकबाल राइस मिल, उत्तर: बेचने वाले की भूमि, दक्षिण: ज्ञान सिंह की भूमि **कब्जा की स्थिति : सांकेतिक कब्जा**	**27-09-2025** रु. 7,25,024.76/- (रुपये सात लाख पच्चीस हजार चौबीस और छिहत्तर पैसे केवल) ऋण खाता संख्या- 6487343 में 09-09-2025 तक ऋण खाता संख्या -16838930 में तथा रु. 34,929/- रुपये (केवल चौंतीस हजार नौ सौ उनतीस रुपये) 09-09-2025 तक और आगे वास्तविक वसूली तक संविदात्मक दर पर ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत एवं प्रभारों इत्यादि सहित.	श्री सय्यद हामिद अली ; मोबाइल नंबर 9770990614, ई-मेल आईडी : la1.raipur@hdbfs.com	खाता नंबर 00210310002748, खाता नाम एचडीबीएफएस जनरल रिसीप्ट्स, आईएफएससी कोड-HDFC0000021 बैंक-एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा - हैदराबाद लकड़ी का पुल एमआईसीआर कोड - 500240002	रू. 1,08,23,600/- (रुपये एक करोड़ आठ लाख तेईस हजार छह सौ मात्र) ईएमडी रू. 10,82,360/- (रुपये दस लाख बयासी हजार तीन सौ साठ मात्र) बोली वृद्धि राशि रू. 15,000/-	17-12-2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित, प्रतिभागियों द्वारा दी गई उच्चतम बोली खोलने के बाद ईएमडी जमा की अंतिम तिथि 16-12-2026 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक

नियम एवं शर्तें : 1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, किसी भी सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाताओं को बोली देने से पहले, नीलामी हेतु प्रस्तुत सम्पत्तियों पर ऋणभार, सम्पत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा अभिवेदन निर्मित नहीं करता है और न ऐसा माना जाएगा। सम्पत्ति एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को ज्ञात एवं अज्ञात सभी वर्तमान और भावी ऋणभारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार किसी भी तृतीय पक्ष दावों/अधिकारों/बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। 2. ई-नीलामी सम्पत्तियों का सांकेतिक कब्जा लेने के बाद "जैसी है, जहां है" "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है वहां है" के आधार पर आयोजित की जा रही है। सफल बोलीदाता को अपनी लागत, जोखिम और जिम्मेदारी पर सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा प्राप्त करना होगा। तथापि बैंक सक्षम प्राधिकारी से कब्जा लेने संबंधी आदेश प्राप्त करने में सहायता करेगा। 3. बोली देने से पहले आस्ति और विनिर्देशों के निरीक्षण और अपनी सतुष्टि करना एकमात्र रूप से बोलीदाता की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा नीलामी हेतु प्रस्तुत सम्पत्तियों का निरीक्षण 03-12-2026 से 04-12-2026 को (कार्यालय समय के दौरान) किया जा सकता है। 4. इच्छुक बोली लगाने वाले अपनी ईएमडी वेब पोर्टल: https://www.bankeauctions.com (यूजर आईडी और पासवर्ड https://www.bankeauctions.com पर नाम रजिस्टर करके निःशुल्क मिल सकता है) के माध्यम से लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से जमा करेंगे। ईएमडी ऊपर बताए गए खाते में एनईएफटी के माध्यम से देनी होगी। वेब पोर्टल पर बिडर के रजिस्ट्रेशन (एक बार) के बाद, जो बिडर/खरीदार बनना चाहता है, उसे बिड दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय से पहले वेब पोर्टल पर इन दस्तावेजों की प्रति अपलोड करवानी होगी: I) एनईएफटी/आरटीजीएस चालान या डिमांड ड्राट की कॉपी; II) पैन कार्ड की कॉपी; III) पहचान का सबूत/पते का सबूत (केवाईसी) जैसे वोटर आईडी कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट वगैरह की सेल्फ-अटेस्टेड कॉपी; इसके बिना बिड अस्वीकृत हो सकती है। अनुलग्नक I। और II। की स्कैन की हुई कॉपी (वेब पोर्टल: https://www.bankeauctions.com से डाउनलोड की जा सकती है) को ठीक से भरकर और साइन करके अपलोड करना भी आवश्यक है। इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली दस्तावेज जमा करने, ऑनलाइन इंटर-से बोली आदि पर प्रशिक्षण/प्रदर्शन में सहायता की आवश्यकता है, वे सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर-68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुडगांव, हरियाणा-122003, ई-मेल आईडी: support@bankeauctions.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर: 91-7291981124/25/26, बिक्री पूछताछ: support@bankeauctions.com] 7291981124 से संपर्क कर सकते हैं और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए अधिकृत अधिकारी: श्री सैय्यद हामिद अली, मोबाइल नंबर: -9770990614, ईमेल आईडी: -सं1ण्तपचनत/ाकइण्बवउ से सोमवार से शनिवार तक कार्य घंटों के दौरान संपर्क कर सकते हैं। 5. इच्छुक बोलीदाता, जो अपने बोली दस्तावेज (ईएमडी) (सुरक्षित मूल्य से कम नहीं) और आवश्यक दस्तावेज (बिंदु सं. 4 में वर्णित) 16-12-2026 अप. 5.00 बजे तक जमा कर चुके हैं और पंजीकरण प्रक्रिया से गुजरने (एक बार) तथा अपनी स्वयं की यूजर आईडी तथा पासवर्ड बना चुके हैं, ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे, जो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सम्यक् जांच (दस्तावेजों की) तथा/अथवा अनुमोदन के अधीन है। 6. परस्पर बोलीदान के दौरान बोलीदाता अपने बोली राशि "बोली वृद्धि राशि" के अनुसार अथवा इसके गुणजों में बढ़ा सकता है और यदि ई-नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले तक कोई बोली आती है, तो समाप्ति का समय 5 मिनट (ई-नीलामी समाप्त होने तक हर बार) आगे बढ़ जाएगा, अन्यथा यह स्वतः समाप्त हो जाएगी। ई-नीलामी की समाप्ति पर उच्चतम बोली (सुरक्षित मूल्य से कम नहीं) प्रस्तुत करने वाला बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार द्वारा सम्यक् जांच (दस्तावेजों की) के बाद सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। 7. सफल बोली